मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांक: 30 अप्रैल 2019

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	01/05/19	02/05/19	03/05/19	04/05/19	05/05/19
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	45	45	45	46	46
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	27	27	28	28	28
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	1	1	1	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	68	68	69	69	70
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	23	23	23	24	24
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	11	12	10	10	9
हवा की दिशा	पश्चिम	पश्चिम	पूर्व–उत्तर–पूर्व	उत्तर–उत्तर–पश्चिम	उत्तर–उत्तर–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

फसल	अवस्था	सलाह
कपास	बुवाई	कपास के बीज उपचारित कर बुवाई करें :– फसल को बीज जनित रोगों से बचाने के लिए एक ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन का 10 लीटर पानी में घोल बनाकर बीज उपचारित करें। फसल में जड़ गलन रोग के नियंत्रण के लिए ट्राइकोड्रमा हारजेनियम 10 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें।
टमाटर	फल/फूल	टमाटर में पर्णकुंचन या मोजेक रोग के प्रकोप से पौधों के पत्ते सिकुड़ कर मुड जाते है। यह रोग कीट के कारण फैलता है। नियंत्रण के लिए डाईमिथोएट 30 ई.सी. का एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
भिण्डी	फल/फूल	भिण्डी में फल छेदक के नियंत्रण के लिए संक्रमित फलों को तोडकर नष्ट कर दे तथा प्रोपीनोफॉस 50 ई.सी. 1 मि.ली. का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
पशु		गर्मी के मौसम मे हरे चारे की कमी से पशुओं मे विटामिन–ए की कमी हो जाती है। अत: इसके लिए पशुओं को विटामिन–ए युक्त लवण मिश्रण दें।

(नौडल ऑफीसर)